CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

# CBSE 2026-27

## हिंदी पाठ्यक्रम 'अ' (Hindi Course A)

Subject Code: 002 | कक्षा दसवीं (Class X)

Solutions

## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र – सेट 3

**समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

### सामान्य निर्देश

1. इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. यह प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है — क, ख, ग और घ।
3. खंड – क में अपठित बोध पर आधारित कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
4. खंड – ख में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड – ग में पाठ्यपुस्तक (क्षितिज भाग-2) और पूरक पाठ्यपुस्तक (कृतिका भाग-2) पर आधारित कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है। प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं।
6. खंड – घ में रचनात्मक लेखन पर आधारित कुल 4 प्रश्न हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
7. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए तथा शब्द-सीमा का ध्यान रखिए।
8. यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

### परीक्षा प्रारूप

| खंड | प्रश्न का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | प्रति प्रश्न अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| क | अपठित बोध — अपठित गद्यांश एवं अपठित काव्यांश (प्रत्येक में 3 बहुविकल्पीय ×1 + 2 लघु उत्तरीय ×2) | 2 | 7 | 14 |
| ख | व्यावहारिक व्याकरण — वाक्य भेद, वाच्य, पद परिचय, अलंकार (प्रत्येक में 5 में से 4 अति लघु उत्तरीय ×1) | 4 | 4 | 16 |
| ग | क्षितिज-2 पठित गद्यांश (5 बहुविकल्पीय प्रश्न ×1) | 1 | 5 | 5 |
| ग | क्षितिज-2 गद्य खंड — लघु उत्तरीय (4 में से 3 ×2; 25-30 शब्द) | 1 | 6 | 6 |
| ग | क्षितिज-2 पठित काव्यांश (5 बहुविकल्पीय प्रश्न ×1) | 1 | 5 | 5 |
| ग | क्षितिज-2 काव्य खंड — लघु उत्तरीय (4 में से 3 ×2; 25-30 शब्द) | 1 | 6 | 6 |
| ग | कृतिका-2 — दीर्घ उत्तरीय (3 में से 2 ×4; 50-60 शब्द) | 1 | 8 | 8 |
| घ | अनुच्छेद लेखन (3 में से 1; लगभग 120 शब्द) | 1 | 6 | 6 |
| घ | पत्र लेखन — औपचारिक/अनौपचारिक (2 में से 1; लगभग 100 शब्द) | 1 | 5 | 5 |
| घ | स्ववृत्त अथवा ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्द) | 1 | 5 | 5 |
| घ | विज्ञापन अथवा संदेश लेखन (लगभग 40 शब्द) | 1 | 4 | 4 |
| | **योग** | **15** | | **80** |

### इकाई-वार अंक भार

| इकाई | इकाई का नाम | अध्याय / विषय | अंक |
|---|---|---|---|
| क | अपठित बोध | अपठित गद्यांश (7), अपठित काव्यांश (7) | 14 |
| ख | व्यावहारिक व्याकरण | रचना के आधार पर वाक्य भेद (4), वाच्य (4), पद परिचय (4), अलंकार (4) | 16 |

| इकाई | इकाई का नाम | अध्याय / विषय | अंक |
|---|---|---|---|
| ग | पाठ्यपुस्तक — क्षितिज भाग-2 (गद्य खंड) | नेताजी का चश्मा, बालगोबिन भगत, लखनवी अंदाज़, एक कहानी यह भी, नौबतखाने में इबादत, संस्कृति | 11 |
| ग | पाठ्यपुस्तक — क्षितिज भाग-2 (काव्य खंड) | सूरदास के पद, राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद, आत्मकथ्य, उत्साह व अट नहीं रही है, यह दंतुरित मुसकान व फसल, संगतकार | 11 |
| ग | पूरक पाठ्यपुस्तक — कृतिका भाग-2 | माता का अँचल, साना-साना हाथ जोड़ि, मैं क्यों लिखता हूँ? | 8 |
| घ | रचनात्मक लेखन | अनुच्छेद (6), पत्र (5), स्ववृत्त/ई-मेल (5), विज्ञापन/संदेश (4) | 20 |
| | **योग** | | **80** |

## खंड – क

अपठित बोध (14 अंक) — प्रश्न 1 और 2

**Q1.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

"एक छोटा कदम एक इंसान के लिए, लेकिन एक बड़ी छलांग मानवता के लिए"- यह शब्द नील आर्मस्ट्रांग ने चंद्रमा पर कदम रखते हुए कहे थे। आज वही भावना भारतवासियों के मन में तब जगी जब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने 27 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखा। यह क्षण केवल भारत की अंतरिक्ष वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह देश की अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पहचान, आत्मनिर्भरता और युवाओं की प्रेरणा के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने और नई तकनीकों का विकास करने के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण मानवता की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

27 जून 2025 को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च होने के बाद, शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम ने 18 दिन आईएसएस पर बिताए। इस दौरान, उन्होंने माइक्रोग्रैविटी में 20 से अधिक विविध प्रयोग किए।

भारत ने अंतरिक्ष की यात्रा 1969 में इसरो की स्थापना से शुरू की थी। 1984 में राकेश शर्मा सोवियत अंतरिक्षयान के जरिए अंतरिक्ष में गए। राकेश शर्मा के बाद शुभांशु शुक्ला दूसरे भारतीय बने जिन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा की, जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ता है। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय में भारत की बढ़ती साख को मजबूत करती है। अब 2025 में शुभांशु शुक्ला का आईएसएस पर पहुँचना इस बात का संकेत है कि भारत अब 'मानव अंतरिक्ष युग' में प्रवेश कर चुका है और यह भारत के हर युवा, वैज्ञानिक और नागरिक की उम्मीदों की उड़ान है। इस मिशन ने देश के लाखों बच्चों और युवाओं के मन में 'मैं' भी कर सकता हूँ की भावना जगाई है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश में किस विषय पर चर्चा की गई है? **[1]**

(a) नील आर्मस्ट्रांग के चंद्रमा पर कदम रखने पर
(b) भारत के स्वर्णिम अंतरिक्ष अध्याय पर
(c) अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने पर
(d) शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम पर

(ii) **अभिकथन (A):** "एक छोटा कदम एक इंसान के लिए, लेकिन एक बड़ी छलांग मानवता के लिए।"
**कारण (R):** यह कदम विज्ञान, प्रौद्योगिकी और मानव अन्वेषण के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iii) भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने 27 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखा। यह क्षण भारत के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण साबित हुआ? सही कथन / कथनों का चयन कीजिए : (i) आर्थिक आत्मनिर्भरता (ii) युवाओं के लिए प्रेरणा (iii) अंतरिक्ष विज्ञान में नई उपलब्धि (iv) अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पहचान **[1]**

(a) कथन (i) और (ii) सही हैं
(b) केवल कथन (iii) सही है
(c) कथन (i) और (iv) सही हैं
(d) कथन (ii), (iii) और (iv) सही हैं

(iv) भारत अब 'मानव अंतरिक्ष युग' में प्रवेश कर चुका है। गद्यांश के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए। **[2]**

(v) बच्चों और युवाओं के मन में 'मैं' भी कर सकता हूँ की भावना शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष में कदम रखने से कैसे जागृत हुई? **[2]**

**Q2.** निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

ज़िंदगी को
वह गढ़ेंगे जो शिलाएँ तोड़ते हैं,
जो भगीरथ नीर की निर्भय शिराएँ मोड़ते हैं।
यज्ञ को इस शक्ति-श्रम के
श्रेष्ठतम मैं मानता हूँ !!

ज़िंदगी को
वे गढ़ेंगे जो खदानें खोदते हैं,
लौह के सोए असुर को कर्म-रथ में जोतते हैं।
यज्ञ को इस शक्ति श्रम के
श्रेष्ठतम मैं मानता हूँ !!

ज़िंदगी को
वे गढ़ेंगे जो प्रभंजन हाँकते हैं,
शूरवीरों के चरण से रक्त-रेखा आँकते हैं।
यज्ञ को इस शक्ति-श्रम के
श्रेष्ठतम मैं मानता हूँ !!

ज़िंदगी को
वे गढ़ेंगे जो प्रलय को रोकते हैं,
रक्त से रंजित धरा पर शांति का पथ खोजते हैं।
यज्ञ को इस शक्ति-श्रम के
श्रेष्ठतम मैं मानता हूँ !!

मैं नया इंसान हूँ इस यज्ञ में सहयोग दूँगा।
ख़ूबसूरत ज़िंदगी की नौजवानी भोग लूँगा।

(i) प्रस्तुत कविता का मुख्य भाव है : **[1]**

(a) शूरवीरों के साहस की सराहना
(b) नौजवानों की ताकत का सम्मान
(c) किसानों और मजदूरों की प्रशंसा
(d) मेहनती और दृढ़-निश्चयी लोगों का गुणगान

(ii) "मैं नए विचारों से प्रेरित इंसान हूँ। श्रम और मानवता से समाज के निर्माण में सहयोग दूँगा।" यह भाव कविता की किन पंक्तियों में व्यक्त हुआ है? **[1]**

(a) ख़ूबसूरत ज़िंदगी की नौजवानी भोग लूँगा
(b) मैं नया इंसान हूँ इस यज्ञ में सहयोग दूँगा
(c) ज़िंदगी को वह गढ़ेंगे जो शिलाएँ तोड़ते हैं
(d) ज़िंदगी को वे गढ़ेंगे जो प्रभंजन हाँकते हैं

(iii) **अभिकथन (A):** जो लोग कठिनाइयों और बाधाओं को तोड़कर आगे बढ़ते हैं, वे अपने जीवन और समाज को गढ़ने वाले होते हैं।
**कारण (R):** इतिहास गवाह है कि हमारे महापुरुषों ने मेहनत, धैर्य और संघर्ष के आधार पर सुंदर समाज का निर्माण किया। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) मानव जीवन का श्रेष्ठतम यज्ञ कवि ने किसे माना है और क्यों? **[2]**

(v) यह कविता साहस और संघर्ष का प्रतीक है — कैसे? कविता से उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। **[2]**

## खंड – ख

व्यावहारिक व्याकरण (16 अंक) — प्रश्न 3 से 6; प्रत्येक प्रश्न के पाँच में से किन्हीं चार उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए

**Q3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[1×4=4]**

(i) उसके पास घड़ी तो थी, किन्तु ठीक नहीं थी। (मिश्र वाक्य में बदलकर लिखिए) **[1]**

(ii) उनकी अंगुलियाँ खँजड़ी पर लगातार चल रही थीं, उनके मुँह से शब्दों का ताँता लगा था। (मिश्र वाक्य में बदलिए) **[1]**

(iii) वह स्टेशन पहुँचा, परंतु गाड़ी जा चुकी थी। (मिश्र वाक्य में बदलिए) **[1]**

(iv) मैं बीमार था, इसलिए विद्यालय नहीं आया। (मिश्र वाक्य में बदलिए) **[1]**

(v) बुढ़ापा आने पर भी टेक वही जवानी वाली थी। (संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए) **[1]**

**Q4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[1×4=4]**

(i) बालगोबिन भगत द्वारा पतोहू को मायके भेज दिया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) **[1]**

(ii) दादाजी से अब चला नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में बदलिए) **[1]**

(iii) तुम जा नहीं सकते। (भाववाच्य में बदलिए) **[1]**

(iv) सभी बच्चों ने पाठ पढ़ा। (कर्मवाच्य में बदलिए) **[1]**

(v) चलो, अब सोया जाए। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) **[1]**

**Q5.** निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[1×4=4]**

(i) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'विद्यालय के साथ ही एक डाकघर है।' (रेखांकित पद: के साथ) **[1]**

(ii) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'उनके बेटे और पतोहू को तो मैंने देखा था।' (रेखांकित पद: देखा था) **[1]**

(iii) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'मेरी गणित की किताब उधर रखी है।' (रेखांकित पद: उधर) **[1]**

(iv) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'श्याम की अपेक्षा गौरव अधिक योग्य निकला।' (रेखांकित पद: की अपेक्षा) **[1]**

(v) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'बच्चे बाहर खेल रहे थे।' (रेखांकित पद: खेल रहे थे) **[1]**

**Q6.** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[1×4=4]**

(i) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'सुख स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन-सा है?' **[1]**

(ii) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'हिमकणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।' **[1]**

(iii) निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसकी आँखें युगों से राह देख रही हैं।' **[1]**

(iv) निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'पेड़ हँसते हैं।' **[1]**

(v) निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसने शब्द-बाण चलाए।' **[1]**

## खंड – ग

पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक (30 अंक) — प्रश्न 7 से 11

---

**Q7.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

नवाब साहब ने खीरे की सब फाँकों को खिड़की के बाहर फेंककर तौलिए से हाथ और होंठ पोंछ लिए और गर्व से गुलाबी आँखों से हमारी ओर देख लिया, मानो कह रहे हों - यह है खानदानी रईसों का तरीका! नवाब साहब खीरे की तैयारी और इस्तेमाल से थककर लेट गए।

(i) नवाब साहब ने हाथ और होंठ किससे पोंछे? **[1]**

(a) रूमाल से (b) तौलिए से (c) कुर्ते से (d) चादर से

(ii) नवाब साहब के हाव-भाव द्वारा क्या जताया जा रहा था? **[1]**

(a) यही खानदानी रईसों का तरीका है (b) वे बहुत भूखे हैं
(c) उन्हें लेखक से घृणा है (d) वे बीमार हैं

(iii) 'खानदानी रईस' शब्द किस पर व्यंग्य करता है? **[1]**

(a) श्रमशील वर्ग पर (b) पतनशील सामंती वर्ग के दिखावे पर
(c) किसानों पर (d) व्यापारियों पर

(iv) नवाब साहब किस कारण थककर लेट गए? **[1]**

(a) खीरे की तैयारी और उसके 'इस्तेमाल' से (b) लंबी यात्रा से
(c) लेखक से बातचीत करने से (d) भूख से

(v) **अभिकथन (A):** नवाब साहब ने फाँकें खिड़की से बाहर फेंकीं।
**कारण (R):** वे लेखक के सामने अपनी रईसी और नफ़ासत का प्रदर्शन करना चाहते थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

**Q8.** निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : **[2×3=6]**

(i) 'बालगोबिन साहब के भक्त थे' – पंक्ति में वर्णित 'साहब' कौन थे और उनके प्रति भक्ति के क्या कारण रहे होंगे? **[2]**

(ii) कैसे कहा जा सकता है कि बिस्मिल्ला खाँ साहब सच्चे अर्थों में भारत रत्न थे? **[2]**

(iii) लेखक न्यूटन को 'संस्कृत मानव' किस आधार पर कहता है? **[2]**

(iv) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में कस्बे के लोगों के किस प्रयास को सराहनीय कहा गया है और क्यों? **[2]**

**Q9.** निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर
कभी-कभी वह यों ही दे देता है उसका साथ
यह बताने के लिए कि वह अकेला नहीं है
और यह कि फिर से गाया जा सकता है

(i) 'तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला' — 'गला बैठना' का आशय है : **[1]**

(a) गला थकने और स्वर कमज़ोर होने लगना
(b) गाने की गति तेज़ होना
(c) गाने का बीच में ठहर जाना
(d) स्वर का अचानक ऊँचा हो जाना

(ii) 'प्रेरणा साथ छोड़ती हुई' में 'प्रेरणा' का अर्थ है : **[1]**

(a) उत्साह देने वाली शक्ति
(b) सुरों का क्रम
(c) ताल का एक प्रकार
(d) तान का एक भाग

(iii) 'यह बताने के लिए कि वह अकेला नहीं है' — संगतकार का यह कार्य किस भावना का परिचायक है? **[1]**

(a) सहानुभूति और साथ का
(b) प्रतिस्पर्धा का
(c) विरोध का
(d) अहंकार का

(iv) **अभिकथन (A):** मुख्य गायक का उत्साह कम होने लगता है।
**कारण (R):** उसकी प्रेरणा साथ छोड़ने लगती है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(v) 'और यह कि फिर से गाया जा सकता है' — इस पंक्ति में 'फिर से' से क्या संकेत है? **[1]**

(a) प्रयास और अवसर दोबारा मिल सकता है
(b) गाने की गति बढ़ेगी
(c) राग बदल देना चाहिए
(d) गायक को आराम करना चाहिए

**Q10.** निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : **[2×3=6]**

(i) परशुराम के आगमन के पश्चात् राजा जनक की सभा का दृश्य अपने शब्दों में वर्णित कीजिए। **[2]**

(ii) फसल 'हाथों के स्पर्श की गरिमा और महिमा' किस प्रकार है? विचार कीजिए। **[2]**

(iii) 'आत्मकथ्य' कविता के कवि के जीवन का संबल क्या है? वह उसे सबसे बाँटना क्यों नहीं चाहता? **[2]**

(iv) 'उत्साह' कविता के मुख्य स्वर को स्पष्ट कीजिए। **[2]**

**Q11.** पूरक पाठ्यपुस्तक 'कृतिका भाग-2' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : **[4×2=8]**

(i) 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित मूसन तिवारी वाली घटना का संक्षिप्त वर्णन करते हुए लिखिए कि इस घटना से बाल-मनोविज्ञान के विषय में क्या जानकारी मिलती है ? (लगभग 50-60 शब्द) **[4]**

(ii) बार्डर एरिया में छावनी पर 'वी गिव अवर टुडे फॉर योर टुमारो' पढ़कर लेखिका का मन उदास क्यों हो गया ? 'साना-साना हाथ जोड़ि'

पाठ के आधार पर लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) **[4]**

(iii) 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ में "मनुष्य निर्मित विभीषिका का चित्र खींचा गया है" – इस कथन की पुष्टि कीजिए। ऐसी विभीषिकाओं की रोकथाम के दो उपाय लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) **[4]**

## खंड – घ

रचनात्मक लेखन (20 अंक) — प्रश्न 12 से 15

---

**Q12.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **[6]**

(i) 'स्वस्थ जीवन शैली' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • स्वस्थ जीवन शैली की आवश्यकता • स्वस्थ आदतें जिनका पालन किया जाना चाहिए • स्वस्थ जीवनशैली के लाभ

(ii) 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • लोकोक्ति का अर्थ • परोपकार के अलग-अलग तरीके • जीवन में खुशी का भंडार

(iii) 'समाचार पत्र के नियमित पठन का महत्त्व' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • ज्ञान का भंडार • पढ़ने की आदत का विकास • जागरूकता

**Q13.** आप कवीश/काव्या हैं। आपने अपने मुहल्ले में 'कचरा पृथक्करण' (वेस्ट सेग्रीगेशन) के अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया है। इसकी जानकारी देते हुए दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। **[5]**

**अथवा**

आप श्रेयस राजपूत/श्रेयसी सिंह हैं। आप छात्रावास में रहते हैं। आपको पिता जी से पता चला है कि आपकी माता जी पूरे परिवार का तो ध्यान रखती हैं, किंतु अपने स्वास्थ्य की अक्सर अनदेखी करती हैं। माता जी को समझाते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **[5]**

**Q14.** आप सोनी/राघव हैं और हाल में ही आपने शारीरिक शिक्षा विषय में स्नातक की डिग्री पाई है और बास्केटबॉल के खेल का आपका लंबा अनुभव भी है। 'राजकीय विद्यालय नई दिल्ली' में पी.ई. शिक्षक के पद की रिक्ति भी हुई है। इस पद के लिए आवेदन हेतु लगभग 80 शब्दों में अपना एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। **[5]**

**अथवा**

आपका नाम रोज़ी/राकेश है और आप दूर-दराज़ के एक गाँव में रहते हैं। वहाँ से आपने ज़रूरी दवाएँ "HTH." नामक कंपनी से मँगवाई थीं। कंपनी ने सप्ताह भर में भेजने का वादा करके तीन सप्ताह लगा दिए पर दवाएँ अब तक नहीं पहुँची हैं। जबकि आप अग्रिम भुगतान कर चुके हैं। कंपनी के "उपभोक्ता-शिकायत विभाग" में "उपभोक्ता कोर्ट" में इसकी शिकायत दर्ज करवाने की चेतावनी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। **[5]**

**Q15.** "मतदान एक अनिवार्य कर्तव्य है" इस विषय पर चुनाव आयोग की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। **[4]**

**अथवा**

(ii) आपका एक सहपाठी ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधि धावक बनकर जा रहा है। लगभग 40 शब्दों में उसे बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए संदेश लिखिए। **[4]**

*** * * END OF PAPER * * ***